संख्या: 19 /2025 /957/सत्रह-म-20 25-17-1099/73/2024

प्रेषक,

हरीश कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
मत्स्य विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

मत्स्य उत्पादन अनुभाग लखनऊ: दिनांक 01 ~~जून~~ जुलाई, 2025

विषय: वित्तीय वर्ष 2021-22 के सापेक्ष केन्द्र सरकार के सहयोग से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत अलाभार्थीपरक योजना के रूप में संचालित की जाने वाली स्टेट ऑफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट परियोजना हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में अवमुक्त केन्द्रांश ₹ 1500.00 लाख के सापेक्ष मैंचिग राज्यांश ₹ 1000.00 लाख समाहित करते हुए कुल ₹ 2500.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 221/नि0शा0/ 2025-26 दिनांक 08.05.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2021-22 के सापेक्ष केन्द्र सरकार के सहयोग से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत अलाभार्थीपरक योजना के रूप में संचालित की जाने वाली स्टेट ऑफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट परियोजना हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में अवमुक्त केन्द्रांश ₹ 1500.00 लाख के सापेक्ष मैंचिग राज्यांश ₹ 1000.00 लाख समाहित करते हुए कुल ₹ 2500.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत अलाभार्थीपरक योजना के रूप में संचालित की जाने वाली स्टेट ऑफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अनुदान संख्या-17, लेखाशीर्षक 2405- मछली पालन,101-अन्तर्देशीय मछली पालन, 01- केन्द्र प्रायोजित योजनायें, 0101- प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत स्टेट आफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट का निर्माण- (के060/रा040, के0+रा0) 24- वृहत निर्माण कार्य के अन्तर्गत धनराशि रू0 2500.00 लाख (रूपये पच्चीस करोड मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने हेतु श्री राज्यपाल अधोलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/ व्यय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्य-योजना एवं मदों में भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उपलब्ध धनराशि की सीमान्तर्गत किया जायेगा।
2. भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेगें तथा

अवमुक्त धनराशि की सीमान्तर्गत उन्ही परियोजनाओं में व्यय करना सुनिश्चित करेंगे, जो भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है।

3. जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथास्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारीकी स्वीकृति विभागाध्यक्ष/ नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानीआवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्तकर ली जाये।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं मदों में किया जायेगा , जिस मद के लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। किसी अन्य मद में न ही उसका व्यय किया जायेगा और न ही एक मद से दूसरे मद में इसका व्यावर्तन किया जायेगा।
5. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्ही वर्षों और उन्ही स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष किया जायेगा, जिस वर्ष व परियोजना के सापेक्ष धनराशि अवमुक्त व स्वीकृत की गयी थी।
6. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय / उपयोग चालू वित्तीय वर्ष में ही सुनिश्चित किया जायेगा तथा समयान्तर्गत उपयोगिता प्रमाण पत्र भारत सरकार को उपलब्ध कराया जायेगा।
7. ऑकडो की शुद्वता का दायित्व महानिदेशक मत्स्य/ सम्बन्धित अधिकारी का होगा।
8. भारत सरकार के पत्रांक जे18001/1/2017 -0-एफवाई, दिनांक 23.04.2021 के प्रस्तर-3 (।।) के अनुसार धनराशि लाभार्थियों के खाते में सीधे अन्तरण हेतु पी0एफ0एम्0एस0/ डी0बी0टी0 प्लेटफार्म का उपयोग करने, धनराशि का व्यय करने व उपभोग प्रमाण पत्र भारत सरकार को प्रेषित कराये जाने के दिये गये निर्देशों व अन्य संगत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।
9. धनराशि का आवंटन/एलाटमेंट मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है,जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और फाईनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार व केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, तो उन मामलों में व्यय किये जाने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।
10. व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन किया जाय। इसके साथ- साथ राजकीय धन व्यय करने में उ0प्र0 बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तों तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्ड्स आफ फाईनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय।
11. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 6/ 2025/ बी-1-352/ दस-2025-231/2025, दिनांक-27.05.2025 एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

5- इस सम्बंध में होने वाला व्यय धनराशि रू0 2500.00 लाख (रूपये पच्चीस करोड मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 17, लेखाशीर्षक 2405 - मछली पालन, 101-अन्तर्देशीय मछली पालन, 01- केन्द्र प्रायोजित योजनायें, 0101- प्रधानमंत्री

मत्स्य संपदा योजना अन्तर्गत स्टेट ऑफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट का निर्माण-(के०60/रा०40, के०+रा०),24- वृहत निर्माण कार्य मद के नामें डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग वित्त विभाग के कम्प्यूटर/ अशासकीय संख्या- E-1-53-X-2025-26-दिनांक:29-5-2025 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

Digitally signed by Harish Kumar Agnihotri
Date: 01-07-2025 10:44:15

(हरीश कुमार)
अनु सचिव।

संख्या- 19 /2025 / 957 (1) /सत्रह-म-2025 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।

(2) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।

(3) मुख्य कोषाधिकारी,जवाहर भवन उ0प्र0 लखनऊ।

(4) संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक मत्स्य(नियोजन), मत्स्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ।

(5) वित्त एवं लेखाधिकारी, मत्स्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ।

(6) सम्बधित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(7) वित्त (व्यय-नियत्रंण) अनुभाग-1 /वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 /नियोजन अनुभाग-3।

(8) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरीश कुमार)
अनु सचिव।